

# करेंट अफेयर्स हरियाणा

## अप्रैल 2022

(संग्रह)

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

# अनुक्रम

**हरियाणा** 3

- उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिये खेल कोटे के अंतर्गत ग्रुप-सी की कुल नौकरियों में 3 प्रतिशत आरक्षण 3
- 'मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना' के पोर्टल की शुरुआत 3
- ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड की ज़िला सलाहकार समितियाँ गठित 4
- चंडीगढ़ को लेकर हरियाणा और पंजाब के मध्य विवाद 4
- एचएयू में सीड प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन 5
- एचएयू में सीड प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन 5
- एचएयू में सीड प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन 6
- तीन राज्य पुलिस पुरस्कार देने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल की मंज़ूरी 6
- 'वचनपूर्ति' मिशन का शुभारंभ 7
- उत्तरी क्षेत्रीय पुलिस समन्वय समिति की गुरुग्राम में बैठक हुई 7
- इथियोपियाई निवेश आयोग ने हरियाणा के साथ सहयोग के लिये किये हस्ताक्षर 8
- हरियाणा देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉप 3 राज्यों में हुआ शामिल 8
- हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा वार्षिक सम्मानों की घोषणा 9
- हरियाणा में बनेगा सिख गुरुओं को समर्पित संग्रहालय 10
- PMFBY की शिकायतों के निवारण हेतु 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा' पोर्टल का शुभारंभ 10
- 'अखंड भारत संदेश यात्रा' 10
- वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म 'नगर दर्शन' पोर्टल 11
- ड्रोन पायलटों के लिये प्रशिक्षण संस्थान 11
- महाभारतकालीन रेत और क्रिस्टल की प्राप्ति 12
- बाल विवाह एक जघन्य अपराध' विषय पर पोस्टर तथा पैम्फलेट लॉन्च 12
- हरियाणा में पाँच वर्ष से कम आयु की बाल मृत्यु दर में पाँच अंकों की गिरावट 12
- गुरुग्राम में 'विश्व कौशल केंद्र' की स्थापना का निर्णय 13
- गुरु तेग बहादुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज की घोषणा 13
- हरियाणा की रिद्धि ने तीरंदाजी वर्ल्ड कप के मिक्स्ड डबल्स में जीता स्वर्ण पदक 14
- वर्ष 2022-23 के लिये हरियाणा विधानसभा की 13 कमेटियों का गठन 14
- हरियाणा के 18 वर्ष से 59 वर्ष के आयु वर्ग के वयस्क नागरिकों को मुफ्त लगेगी बूस्टर डोज 15
- पुलिस अलंकरण समारोह 16
- हरियाणा सरकार ने 18 पटवारियों/कानूनगो को किया सम्मानित 16
- फार्मा टेक एक्सपो व लैब टेक एक्सपो-2022 17
- बहुमंजिला आवासीय इमारतों के निवासियों की सुरक्षा के लिये स्ट्रक्चरल सेफ्टी गाइडलाइंस 17

**नोट :**

# हरियाणा

## उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिये खेल कोटे के अंतर्गत ग्रुप-सी की कुल नौकरियों में 3 प्रतिशत आरक्षण

### चर्चा में क्यों ?

31 मार्च, 2022 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिये खेल कोटे के अंतर्गत राज्य सरकार ने ग्रुप-सी की कुल नौकरियों में 3 प्रतिशत आरक्षण बहाल करने का निर्णय लिया है।

### प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि प्रदेश में श्रेणी-घ की नौकरियों के लिये खेल कोटा हेतु 10 प्रतिशत आरक्षण पहले से ही जारी है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार अपने 'पदक लाओ-पद पाओ' कार्यक्रम के तहत भविष्य में भी उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नौकरियाँ प्रदान करेगी।
- ग्रुप-सी नौकरियों में 3 प्रतिशत आरक्षण के निर्णय से लगभग 400 से 450 खिलाड़ियों को हर वर्ष नौकरी मिलेगी।
- सरकार द्वारा ग्रुप-सी नौकरियों के लिये खिलाड़ियों को उनके पसंदीदा विभाग चुनने का विकल्प भी दिया जाएगा और उनकी प्राथमिकता के आधार पर उन्हें छूट दी जाएगी तथा उनके विकल्प के आधार पर उन्हें नियुक्त किया जा सकेगा।

## 'मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना' के पोर्टल की शुरुआत

### चर्चा में क्यों ?

31 मार्च, 2022 को हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल ने 'मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना' के नाम से एक नई बागवानी फसल बीमा योजना के पोर्टल की शुरुआत की।

### प्रमुख बिंदु

- इस योजना के तहत किसानों की फसलों में प्रतिकूल मौसम व प्राकृतिक आपदाओं के कारण से होने वाले नुकसान की भरपाई की जाएगी।
- प्रतिकूल मौसम कारक तथा प्राकृतिक आपदाओं, जैसे- ओलावृष्टि, तापमान, पाला, जल कारक (बाढ़, बादल फटना, नहर/ड्रेन का टूटना, जलभराव), आंधी तूफान व आग, जो फसल नुकसान का कारण बनते हैं, को योजना में शामिल किया जा रहा है।
- इस योजना के तहत 21 फसलें शामिल हैं, जिनमें 14 सब्जियाँ (टमाटर, प्याज, आलू, फूलगोभी, मटर, गाजर, भिंडी, घीया, करेला, बैंगन, हरी मिर्च, शिमला मिर्च, पत्तागोभी, मूली), 2 मसाले (हल्दी, लहसुन) और 5 फल (आम, किन्नू, बेर, अमरूद, लीची) शामिल हैं।
- यह योजना उन सभी किसानों के लिये वैकल्पिक तौर पर होगी, जो 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' के तहत पंजीकृत हैं।
- योजना के तहत आश्वस्त राशि (सम एश्योर्ड) सब्जियों व मसालों के लिये रुपए 30,000 रुपए प्रति एकड़ व फलों के लिये 40,000 रुपए प्रति एकड़ होगी तथा किसान का योगदान/हिस्सा आश्वस्त राशि का केवल 2.5 प्रतिशत होगा, जो कि सब्जियों में 750 रुपए व फलों में 1000 रुपए प्रति एकड़ होगी।
- कृषि मंत्री ने बताया कि मुआवजा को चार श्रेणी- 25, 50, 75 व 100 में बाँटा गया है। 26 प्रतिशत से 50 प्रतिशत के बीच फसल नुकसान की अवस्था में मुआवजा 50 प्रतिशत की दर से सब्जियों/मसालों के लिये 15,000 रुपए व फलों के लिये 20,000 रुपए, 51 प्रतिशत से 75 प्रतिशत के बीच नुकसान की अवस्था में मुआवजा 75 प्रतिशत की दर से सब्जियों/मसालों के लिये 22,500 रुपए व फलों के लिये 30,000 रुपए तथा 75 प्रतिशत से अधिक नुकसान की अवस्था में मुआवजा 100 प्रतिशत की दर से सब्जियों/मसालों के लिये 30,000 रुपए व फलों के लिये 40,000 रुपए दिया जाएगा।
- सरकार द्वारा योजना के लिये प्रारंभिक पूंजी के रूप में 10 करोड़ रुपए की व्यवस्था की जाएगी। मुआवजा राशि सर्वेक्षण पर आधारित होगी। योजना की निगरानी, समीक्षा एवं विवादों का समाधान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत गठित राज्य स्तर व ज़िला स्तर की समितियों के माध्यम से किया जाएगा।

## ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड की ज़िला सलाहकार समितियाँ गठित

### चर्चा में क्यों?

हाल ही में राज्य सरकार ने हरियाणा के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिये गठित हरियाणा ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड की मदद के लिये सभी ज़िलों में व्यापारियों की सलाहकार समितियों का गठन किया है।

### प्रमुख बिंदु

- राज्य सरकार के एमएसएमई निदेशालय की ओर से उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार ने सभी ज़िलों की समितियों के गठन की अधिसूचना जारी की है।
- प्रत्येक ज़िला समिति में एक अध्यक्ष और ग्यारह सदस्य होंगे। प्रत्येक ज़िला समिति के अध्यक्ष इस प्रकार हैं-
- अंबाला ज़िला सलाहकार समिति - सतीश छाबड़ा
- भिवानी ज़िला सलाहकार समिति - रवींद्र बापोड़ा
- चरखी दादरी ज़िला सलाहकार समिति - नवीन मुंजाल
- फरीदाबाद ज़िला सलाहकार समिति - प्रवीन चौधरी
- फतेहाबाद ज़िला सलाहकार समिति - जयवीर खिचाड़
- गुरुग्राम ज़िला सलाहकार समिति - गिरिराज ढींगरा
- हिसार ज़िला सलाहकार समिति - वेद प्रकाश जैन
- झज्जर ज़िला सलाहकार समिति - अशोक गुप्ता
- जींद ज़िला सलाहकार समिति - मनीष गोयल
- कैथल ज़िला सलाहकार समिति - सतपाल चुघ
- करनाल ज़िला सलाहकार समिति - के.एल. तनेजा
- कुरुक्षेत्र ज़िला सलाहकार समिति - अशोक बंसल
- महेंद्रगढ़ ज़िला सलाहकार समिति - पवन जैन
- मेवात ज़िला सलाहकार समिति - संजय गर्ग
- पलवल ज़िला सलाहकार समिति - विजय कुमार सिंगला
- पंचकूला ज़िला सलाहकार समिति - बी.बी. सिंगल
- पानीपत ज़िला सलाहकार समिति - उमादत्त पालीवाल
- रेवाड़ी ज़िला सलाहकार समिति - बसंत लोहिया
- रोहतक ज़िला सलाहकार समिति - राजेश कुमार (टीनू लुंबा)
- सिरसा ज़िला सलाहकार समिति - गंगाराम गुप्ता
- सोनीपत ज़िला सलाहकार समिति - जयराम शर्मा
- यमुनानगर ज़िला सलाहकार समिति - मनोज गुप्ता

## चंडीगढ़ को लेकर हरियाणा और पंजाब के मध्य विवाद

### चर्चा में क्यों?

3 अप्रैल, 2022 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में पंजाब सरकार के चंडीगढ़ पर दावे के संदर्भ में 5 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का निर्णय लिया गया है।

नोट :

### प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि 1 अप्रैल को पंजाब विधानसभा ने चंडीगढ़ पर अपने दावे को दोहराते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया है।
- लंबे समय से चले आ रहे चंडीगढ़ पर दावे संबंधी विवाद में केंद्र सरकार के चंडीगढ़ केंद्रशासित प्रदेश के कर्मचारियों के लिये पंजाब सर्विस रूल्स के बजाय केंद्रीय सेवा रूल्स लागू करने के निर्णय ने आग में घी डालने का काम किया है।
- गौरतलब है कि 1966 के पंजाब पुनर्गठन अधिनियम द्वारा पंजाब से हरियाणा को अलग गठित किया गया। चंडीगढ़ हरियाणा को सौंप दिया गया, किंतु इसका विरोध होने पर चंडीगढ़ को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा देकर दोनों राज्यों की राजधानी बना दिया गया।
- चंडीगढ़ के संबंध में पंजाब और हरियाणा के मध्य संपत्ति बंटवारा 60 : 40 के अनुपात में किया गया।
- 24 जुलाई, 1985 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और अकाली नेता लोंगोवाल के मध्य हुए समझौते के अनुसार चंडीगढ़ पंजाब को सौंपने की तारीख 26 जनवरी, 1986 तय की गई, किंतु कुछ समय बाद ही लोंगोवाल की हत्या कर दी गई और यह हस्तांतरण संभव न हो सका।

## एचएयू में सीड प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन

### चर्चा में क्यों?

4 अप्रैल, 2022 को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. कांबोज ने विश्वविद्यालय के फार्म निदेशालय में 84 लाख रुपए की लागत से बने सीड प्रोसेसिंग प्लांट व कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस नए प्लांट की मदद से विश्वविद्यालय कम समय में अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण बीज़ किसानों को मुहैया करवाएगा।
- यह सीड प्रोसेसिंग प्लांट अत्यंत आधुनिक व स्वचालित है, जिसकी क्षमता 40 क्विंटल प्रति घंटा है। पहले से लगे सीड प्रोसेसिंग प्लांट की क्षमता 20 क्विंटल प्रति घंटा थी।
- यह प्लांट डस्ट एस्पीरेशन सिस्टम से युक्त होने के कारण सीड प्रोसेसिंग के दौरान सीड प्रोसेसिंग हॉल में धूल-मिट्टी नहीं होती और प्लांट पर कार्य करने वाले व्यक्ति श्वास संबंधी घातक बीमारियों से बचे रहते हैं।
- इस सीड प्रोसेसिंग प्लांट में मुख्यत: गेहूँ, जौ, सरसों, चना, मूंग, ग्वार, बाज़रा इत्यादि फसलों के बीज़ तैयार होंगे।
- यह प्लांट हरियाणा स्टेट सीड सर्टिफिकेशन एजेंसी (एच.एस.एस.सी.ए) से प्रमाणित है।
- अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय किसानों को रबी व खरीफ की विभिन्न फसलों के उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध करवा रहा है। केवल फार्म निदेशालय में ही हर साल करीब 10 हज़ार क्विंटल बीज़ तैयार किया जाता है।

## एचएयू में सीड प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन

### चर्चा में क्यों?

4 अप्रैल, 2022 को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. कांबोज ने विश्वविद्यालय के फार्म निदेशालय में 84 लाख रुपए की लागत से बने सीड प्रोसेसिंग प्लांट व कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस नए प्लांट की मदद से विश्वविद्यालय कम समय में अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण बीज़ किसानों को मुहैया करवाएगा।
- यह सीड प्रोसेसिंग प्लांट अत्यंत आधुनिक व स्वचालित है, जिसकी क्षमता 40 क्विंटल प्रति घंटा है। पहले से लगे सीड प्रोसेसिंग प्लांट की क्षमता 20 क्विंटल प्रति घंटा थी।
- यह प्लांट डस्ट एस्पीरेशन सिस्टम से युक्त होने के कारण सीड प्रोसेसिंग के दौरान सीड प्रोसेसिंग हॉल में धूल-मिट्टी नहीं होती और प्लांट पर कार्य करने वाले व्यक्ति श्वास संबंधी घातक बीमारियों से बचे रहते हैं।

नोट :

- इस सीड प्रोसेसिंग प्लांट में मुख्यत: गेहूँ, जौ, सरसों, चना, मूंग, ग्वार, बाज़रा इत्यादि फसलों के बीज़ तैयार होंगे।
- यह प्लांट हरियाणा स्टेट सीड सर्टिफिकेशन एजेंसी (एच.एस.एस.सी.ए) से प्रमाणित है।
- अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय किसानों को रबी व खरीफ की विभिन्न फसलों के उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध करवा रहा है। केवल फार्म निदेशालय में ही हर साल करीब 10 हज़ार क्विंटल बीज़ तैयार किया जाता है।

## एचएयू में सीड प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन

### चर्चा में क्यों?

4 अप्रैल, 2022 को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. कांबोज ने विश्वविद्यालय के फार्म निदेशालय में 84 लाख रुपए की लागत से बने सीड प्रोसेसिंग प्लांट व कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस नए प्लांट की मदद से विश्वविद्यालय कम समय में अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण बीज़ किसानों को मुहैया करवाएगा।
- यह सीड प्रोसेसिंग प्लांट अत्यंत आधुनिक व स्वचालित है, जिसकी क्षमता 40 क्विंटल प्रति घंटा है। पहले से लगे सीड प्रोसेसिंग प्लांट की क्षमता 20 क्विंटल प्रति घंटा थी।
- यह प्लांट डस्ट एस्पीरेशन सिस्टम से युक्त होने के कारण सीड प्रोसेसिंग के दौरान सीड प्रोसेसिंग हॉल में धूल-मिट्टी नहीं होती और प्लांट पर कार्य करने वाले व्यक्ति श्वास संबंधी घातक बीमारियों से बचे रहते हैं।
- इस सीड प्रोसेसिंग प्लांट में मुख्यत: गेहूँ, जौ, सरसों, चना, मूंग, ग्वार, बाज़रा इत्यादि फसलों के बीज़ तैयार होंगे।
- यह प्लांट हरियाणा स्टेट सीड सर्टिफिकेशन एजेंसी (एच.एस.एस.सी.ए) से प्रमाणित है।
- अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय किसानों को रबी व खरीफ की विभिन्न फसलों के उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध करवा रहा है। केवल फार्म निदेशालय में ही हर साल करीब 10 हज़ार क्विंटल बीज़ तैयार किया जाता है।

## तीन राज्य पुलिस पुरस्कार देने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल की मंज़ूरी

### चर्चा में क्यों?

5 अप्रैल, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में तीन राज्य पुलिस पुरस्कार देने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई। इनमें वीरता के लिये 'मुख्यमंत्री-पदक', जाँच में उत्कृष्टता के लिये 'गृहमंत्री-पदक' और अन्य बेहतर कार्य करने के लिये 'हरियाणा पुलिस उत्तम सेवा-पदक' दिया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- वीरता के लिये मुख्यमंत्री-पदक हरियाणा पुलिस की उन सभी रैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रदान किया जाएगा, जो जीवन और संपत्ति को बचाने या अपराध को रोकने या अपराधियों को गिरफ्तार करने, कट्टर अपराधियों का सामना करने, जन-आंदोलन पर नियंत्रण करने, बड़े पैमाने पर कानून और व्यवस्था की गड़बड़ी को रोकने व प्रबंधन करने अथवा रिस्क का पहले से ही अनुमान लगाने, सामान्य कर्त्तव्य से ऊपर और विशेष बहादुरी के असाधारण एवं विशिष्ट कार्य प्रदर्शित करने में अहम भूमिका निभाएंगे।
- उत्कृष्ट जाँच के लिये गृहमंत्री-पदक उन अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रदान किया जाएगा, जो जाँच के नवीन, वैज्ञानिक तरीकों, फोरेंसिक व ऑनलाइन जाँच उपकरणों का उपयोग करते हैं, चार्जशीट की त्वरित फाइलिंग करके दोषी का दोष सिद्ध करने में खास भूमिका अदा करते हैं।
- इससे राज्य में अपराध की जाँच के उच्च मानकों को बनाए रखने तथा पुलिस बल के बीच व्यावसायिकता के उच्च स्तर को बढ़ावा देने में सहयोग मिलेगा। यही नहीं दोषियों को सज़ा दिलाने की दर में वृद्धि होगी, जिससे समाज को लाभ पहुँचेगा।

- हरियाणा पुलिस उत्तम सेवा पदक पुलिस के उन अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रदान किया जाएगा, जो कानून और व्यवस्था, आईटी तकनीक, यातायात प्रबंधन, पुलिस स्टेशनों में प्रशासनिक कार्य, सामुदायिक पुलिसिंग और पुलिस विभाग की अन्य सभी नौकरियों या रिकॉर्ड-कीपिंग तथा हाउसकीपिंग के माध्यम से बेहतर प्रशासनिक कार्य में सहायता करेंगे।
- इसके लिये वे पुलिसकर्मी भी पात्र होंगे, जो न केवल नीतिगत निर्णय लेने में सहायता करते हैं, बल्कि जो किसी औपचारिक पुरस्कार या इनाम के लिये अभी तक मान्य नहीं हुए थे।
- इन पदकों से सम्मानित होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की वर्दी पर बाईं जेब के ऊपर रंगीन डिस्प्ले के साथ एक पदक, स्क्रॉल, मुख्यमंत्री और गृहमंत्री द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण-पत्र के साथ 21 हज़ार रुपए का एकमुश्त नकद पुरस्कार दिया जाएगा।
- इसके अलावा, ग्रुप-बी और सी पुलिस अधिकारियों के लिये सेवानिवृत्ति के बाद उनकी सेवा में छह महीने का विस्तार (यदि वे सेवा में किसी अन्य विस्तार का लाभ नहीं उठा रहे हैं) किया जाएगा। एक कैलेंडर वर्ष में पदकों की संख्या प्रत्येक श्रेणी में 10 से अधिक नहीं होगी।

## 'वचनपूर्ति' मिशन का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों?

7 अप्रैल, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने वर्ष 1991 से 1993 तक बहादुरगढ़ ज़िले के सेक्टर-2 में कश्मीरी पंडितों के परिवारों द्वारा खरीदी गई ज़मीन का हक उन्हें देने के लिये मिशन 'वचनपूर्ति' की घोषणा की।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान यह ऐतिहासिक घोषणा करते हुए विशेष रूप से आमंत्रित किये गए 182 परिवार लाभार्थियों को मालिकाना हक के कागज़ात सौंपे।
- 6 अप्रैल, 2022 को उस समय दर्ज की गई ज़मीन की माप के सत्यापन के बाद, ड्रॉ के माध्यम से उन्हें इस हक की अदायगी की गई।
- इसके अलावा कुछ परिवारों को उनकी ज़मीन पहले ही मिल चुकी है। इस प्रकार आज तक इस पूरी प्रक्रिया के माध्यम से कुल 209 परिवारों को प्रदेश सरकार द्वारा दिये गए वचन की पूर्ति की गई है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 1997 में कुछ उपयुक्त संशोधन करने के बाद कुछ भूखंड कश्मीरी पंडितों के पक्ष में जारी किये गए थे, लेकिन जिन परिवारों को उस समय ज़मीन नहीं मिली, उन्हें करीब तीन दशक तक इंतज़ार करना पड़ा है।

## उत्तरी क्षेत्रीय पुलिस समन्वय समिति की गुरुग्राम में बैठक हुई

### चर्चा में क्यों?

7 अप्रैल, 2022 को उत्तर-भारतीय राज्यों में पुलिस समन्वय को और अधिक मज़बूत बनाते हुए क्राइम पर अंकुश लगाने व अन्य गंभीर मुद्दों पर चर्चा के लिये गुरुग्राम में उत्तरी क्षेत्रीय पुलिस समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- इस बैठक की सह-अध्यक्षता पुलिस आयुक्त, दिल्ली राकेश अस्थाना और पुलिस महानिदेशक, हरियाणा प्रशांत कुमार अग्रवाल द्वारा की गई, जिसमें हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली सहित उत्तरी राज्यों के तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित सीएपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।
- हरियाणा पुलिस द्वारा आयोजित बैठक के दौरान पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के शीर्ष अधिकारियों द्वारा उत्तरी भारत के राज्यों में अपराध से निपटने हेतु अंतर-राज्यीय पुलिस समन्वय बढ़ाने के लिये कई मामलों पर चर्चा के बाद आपसी सहमति बनी।
- इस अहम बैठक में आतंकवादियों-गैंगस्टर-अपराधी गठजोड़ के उभरते रुझानों, मादक पदार्थों की तस्करी जैसे संवेदनशील मुद्दों, सोशल मीडिया निगरानी की बेहतर प्रथाओं को साझा करने, पुलिस गतिविधियों में ड्रोन के उपयोग के क्षेत्र में क्षमता निर्माण, जेलों में बंद आतंकवादियों/अपराधियों की गतिविधियों की निगरानी आदि मामलों पर भी बारीकी से चर्चा की गई।

- पुलिस अधिकारियों ने अंतर-राज्यीय रेड और तलाशी के दौरान समन्वय और सहयोग बढ़ाने की योजना बनाने का भी निर्णय लिया।
- किसी भी प्रकार की अंतर-राज्यीय आपराधिक गतिविधियों से संबंधित रियल-टाइम सूचना साझा करने पर भी बल दिया गया, जो पुलिस बलों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। साथ ही अंतर-राज्यीय सुरक्षा व्यवस्था, अपराध, संगठित अपराध, साइबर क्राइम, ड्रग्स तस्करी, मानव तस्करी आदि गंभीर मुद्दों पर भी कार्य करते हुए पुलिस के बीच समन्वय को कायम रखने को इस बैठक में अहमियत दी गई।

## इथियोपियाई निवेश आयोग ने हरियाणा के साथ सहयोग के लिये किये हस्ताक्षर

### चर्चा में क्यों ?

हाल ही में हरियाणा के मुख्यमंत्री राज्य के विदेश सहयोग विभाग द्वारा 'हरियाणा-इथियोपिया निवेश आयोग' (ईआईसी) की दो दिवसीय बैठक गुरुग्राम और चंडीगढ़ में आयोजित की गई। इस अवसर पर हरियाणा राज्य और इथियोपिया के बीच सहयोग की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किये गए।

### प्रमुख बिंदु

- इस बैठक में हरियाणा राज्य और ईआईसी, इथियोपिया के बीच सहयोग की रूपरेखा पर हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग के प्रधान सचिव योगेंद्र चौधरी व इथियोपिया की राजदूत डॉ. तिजीता मुलुगेटा ने हस्ताक्षर किये।
- पहले दिन 6 अप्रैल, 2022 को गुरुग्राम में 'इथियोपिया निवेश आयोग' के एचई डेनियल टेरेसा के नेतृत्व में सात सदस्यीय इथियोपियाई प्रतिनिधिमंडल ने कपड़ा और परिधान के क्षेत्र में हरियाणा के व्यापार प्रतिनिधियों के साथ सकारात्मक बातचीत की। इसके बाद 7 अप्रैल, 2022 को चंडीगढ़ में प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत में इथियोपिया की राजदूत डॉ. तिजीता मुलुगेटा भी शामिल हुईं। मुलुगेटा ने हरियाणा और इथियोपिया के बीच व्यापार, निवेश तथा सांस्कृतिक संबंध बनाने के लिये अथक प्रयास करने के लिये हरियाणा सरकार की सराहना की।
- इस बैठक का प्राथमिक उद्देश्य हरियाणा और इथियोपिया लोकतांत्रिक गणराज्य के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को मज़बूत करना था।
- विदेश सहयोग विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि विभाग द्वारा अक्टूबर 2021 में विदेश मंत्रालय के परामर्श से 'हरियाणा-अफ्रीका कॉन्क्लेव, सीरीज़-1' आयोजित करने के लिये एक अग्रणी पहल की जा चुकी है।
- इस कॉन्क्लेव में इथियोपिया सहित अफ्रीकी महाद्वीप के बारह देशों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।
- इस अवसर पर हरियाणा सरकार के गण्यमान्य व्यक्तियों, हरियाणा के फार्मास्युटिकल, कृषि-प्रसंस्करण और कपड़ा क्षेत्रों के व्यवसायी व निर्यातकों की भागीदारी रही।

## हरियाणा देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले टॉप 3 राज्यों में हुआ शामिल

### चर्चा में क्यों ?

8 अप्रैल, 2022 को हरियाणा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए.के. सिंह ने बताया कि हरियाणा ने 'हर घर नल से जल' मिशन के टारगेट को पूरा कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ हरियाणा इस मिशन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 3 टॉप राज्यों में स्थान हासिल किया है।

### प्रमुख बिंदु

- हालाँकि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2024 तक यह लक्ष्य पूरा करने का समय निर्धारित किया गया था, परंतु हरियाणा सरकार के प्रयासों के चलते राज्य में दो वर्ष पहले ही वर्ष 2022 में 100 प्रतिशत घरों में नल से जल पहुँचा दिया है।
- उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के ग्रामीण क्षेत्र के हर घर में नल से स्वच्छ जल सुनिश्चित करके लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिये अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन की घोषणा की थी। हरियाणा में भी गाँवों के हर घर में नल से जल की आपूर्ति का प्रावधान करने के लिये इस मिशन को लागू किया गया।

- इस मिशन से महिलाओं को सिर पर रखकर दूर से जल लाने की मेहनत के भारी बोझ से मुक्त करने का निरंतर प्रयास किया गया।
- हरियाणा में जल जीवन मिशन वर्ष 2019 में ही शुरू कर दिया गया था, उस समय प्रदेश में कुल 30.96 लाख कनेक्शनों में से 17.66 लाख कनेक्शन पहले ही प्रदान किये जा चुके थे। हरियाणा ने 1 नवंबर, 2021 को महेंद्रगढ़, पलवल, नूंह और जींद के अलावा अन्य 18 ज़िलों में नल कनेक्शन का 100 प्रतिशत कवरेज हासिल कर लिया था।
- अब शेष 4 ज़िलों- महेंद्रगढ़, पलवल, नूँह तथा जींद में भी 1.41 लाख नल कनेक्शन प्रदान कर शत प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन देने का रिकॉर्ड बना लिया है।

# हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा वार्षिक सम्मानों की घोषणा

## चर्चा में क्यों ?

9 अप्रैल, 2022 को मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव तथा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा साहित्यकार सम्मान योजना वर्ष 2021 के लिये विभिन्न सम्मानों हेतु साहित्यकारों का चयन कर लिया गया है। इन सम्मानों को स्वीकृति अकादमी के अध्यक्ष मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा प्रदान की गई है।

### प्रमुख बिंदु

- डॉ. जयगवान गोयल, कुरुक्षेत्र को आजीवन साहित्य साधना के लिये अकादमी द्वारा विशेष साहित्य साधना सम्मान, 2021 प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिसकी सम्मान राशि 5 लाख रुपए है।
- डॉ. जयभगवान गोयल को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में हाल ही में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा पँश्री सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। हिन्दी साहित्य के मूर्धन्य विद्वान डॉ. गोयल की तीस से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं।
- इसी प्रकार अकादमी द्वारा समग्र लेखन के लिये राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान किये जाने वाले आजीवन साहित्य साधना सम्मान (राशि 7 लाख रुपए) के लिये राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ साहित्यकार रोहित यादव, मंडी अटेली का चयन किया गया है।
- इसके अलावा, महाकवि सूरदास सम्मान (राशि 5 लाख रुपए) वरिष्ठ साहित्यकार एवं गज़लकार हरेराम समीप, फरीदाबाद को दिया जाएगा। पं. माधव प्रसाद मिश्र सम्मान (2.50 लाख रुपए) के लिये वरिष्ठ गीतकार एवं चिंतक डॉ. रमाकांत शर्मा, भिवानी का चयन किया गया है।
- हिन्दी साहित्य में विशेष योगदान के लिये डॉ. प्रद्युम्न भल्ला, कैथल को बाबू बालमुकुंद गुप्त सम्मान (2.50 लाख रुपए) तथा साहित्यिक पत्रकारिता के लिये दिये जाने वाले लाला देशबंधु गुप्त सम्मान (2.50 लाख रुपए) के लिये वरिष्ठ कवि एवं संपादक रघुविंद्र यादव, नारनौल का चयन किया गया है।
- हरियाणवी भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये वी.एम. बेचैन, भिवानी का पं. लखमीचंद सम्मान (2.50 लाख रुपए) के लिये चयन किया गया है। इसी प्रकार हरियाणवी भाषा एवं साहित्य के लिये दिये जाने वाला जनकवि मेहर सिंह सम्मान (राशि 2.50 लाख रुपए) लहना सिंह अत्री, करनाल को प्रदान किया जाएगा।
- राष्ट्रीय स्तर पर साहित्य के क्षेत्र में प्रदेश का नाम गौरवान्वित करने के लिये दिए जाने वाले हरियाणा गौरव सम्मान (राशि 2.50 लाख रुपए) के लिये सुप्रसिद्ध गीतकार एवं चिंतक डॉ. राजेंद्र गौतम, दिल्ली का चयन किया गया है।
- हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये दिये जाने वाले श्रेष्ठ महिला रचनाकार सम्मान (2.50 लाख रुपए) के लिये अंजु दुआ जैमिनी एवं नमिता राकेश, फरीदाबाद का चयन किया गया है।
- कवि दयाचंद मायना सम्मान (राशि 2.50 लाख रुपए) शमशेर कौसलिया, महेंद्रगढ़ को प्रदान किया जाएगा।
- अकादमी द्वारा वर्ष 2021 से विशेष हिन्दी सेवी सम्मान (राशि 1 लाख रुपए) आरंभ किया गया है। इस सम्मान के लिये वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं चिंतक डॉ. शिव मार खंडेलवाल, सोनीपत, रवि शर्मा, लंदन (रोहतक), डॉ. सुरेंद्र गुप्त, अंबाला, श्रीमती आशा खत्री लता, रोहतक, राजेश चेतन, दिल्ली और महेंद्र जैन, हिसार का चयन किया गया है।
- इसी प्रकार, युवा लेखक सम्मान के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद युवा लेखक सम्मान (राशि 1 लाख रुपए) के लिये श्रुति राविश, सोनीपत का चयन किया गया है।

नोट :

## हरियाणा में बनेगा सिख गुरुओं को समर्पित संग्रहालय

### चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने राज्य में सिख गुरुओं को समर्पित संग्रहालय बनाए जाने की घोषणा की है।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संग्रहालय में सिख गुरुओं के जीवन और उनकी शिक्षाओं को प्रदर्शित किया जाएगा।
- गौरतलब है कि राज्य सरकार ने हरियाणा में संत महापुरुष विचार प्रसार योजना भी शुरू की है, जिसके तहत महापुरुषों और गुरुओं की जयंती मनाने की परंपरा प्रारंभ हुई है।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने गुरु रविदास विश्व महापीठ को 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देने की भी घोषणा की, जबकि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने 5 लाख रुपए की सहायता की घोषणा की।
- इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल ने महापीठ के 'सामाजिक समरसता भवन' का भी उद्घाटन किया।
- गुरु रविदास क्षमाशील, विवेकवान और समाज के सच्चे शिक्षक थे। वे उन महान आत्माओं में से एक थे, जिनके विचार, व्यवहार, गुण और शिक्षा युगों तक लोगों का मार्गदर्शन करते रहे हैं।

---

## PMFBY की शिकायतों के निवारण हेतु 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा' पोर्टल का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों?

12 अप्रैल, 2022 को हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल ने राज्य के किसानों की सुविधा के लिये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शिकायतों के निवारण हेतु 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा'पोर्टल का शुभारंभ किया है।

### प्रमुख बिंदु

- इस पोर्टल के माध्यम से किसान कहीं से भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।
- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल ने बताया कि शिकायत दर्ज करने के उपरांत उन्हें एक टिकट नंबर दिया जाएगा, जिससे वे अपनी शिकायत की नवीनतम स्थिति भी जान सकेंगे।
- गौरतलब है कि हरियाणा देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है, जिनमें बीमा कंपनियों ने कुल प्रीमियम (जिसमें किसान का हिस्सा राज्य एवं केंद्र सरकार की सब्सिडी शामिल है,) से अधिक क्लेम का भुगतान किया है।
- संबंधित विभाग डाटा एकत्रित करने की दिशा में अग्रसर है और इसी कड़ी में किसानों की शिकायतों के निपटान के लिये 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा' पोर्टल में ग्रीवेंश निपटान के मॉड्यूल को शुरू किया गया है।
- कृषि मंत्री ने बताया कि भविष्य में भी 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा' पोर्टल पर किसानों की सुविधाओं के लिये अन्य मॉड्यूल/कॉलम जोड़ने का काम होगा और अन्य मंचों के साथ जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, ताकि किसान को त्वरित लाभ मिल सके।
- उल्लेखनीय है कि राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2016 से लागू की जा रही है।
- इस योजना के अंतर्गत खरीफ में मक्का, कपास, धान व बाजरा तथा रबी में गेहूँ, जौ, चना, सरसों व सूरजमुखी फसलों को बीमित किया जा रहा है।

---

## 'अखंड भारत संदेश यात्रा'

### चर्चा में क्यों?

12 अप्रैल, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने 'सीएम हाउस' से 'अखंड भारत संदेश यात्रा, 2022' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

नोट :

### प्रमुख बिंदु

- इंडियन मीडिया सेंटर द्वारा आरंभ की गई इस यात्रा में हरियाणा के अलावा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली व अंडमान निकोबार की 131 बेटियाँ शामिल हैं।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' योजना के तहत इस 'अखंड भारत संदेश यात्रा' में शामिल बेटियों में राष्ट्रभक्ति के प्रति जोश का संचार करते हुए कहा कि यह यात्रा समाज में एकता का संदेश देने में कामयाब होगी।
- मुख्यमंत्री ने यात्रा में शामिल बेटियों के लिये 5 लाख रुपए का सहयोग देने की घोषणा की।

## वन-स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म 'नगर दर्शन' पोर्टल

### चर्चा में क्यों ?

13 अप्रैल, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रदेश में शहरी स्थानीय निकायों के संपूर्ण रिकॉर्ड को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपडेट करने की दिशा में डिजिटल रूप से 'नगर दर्शन' पोर्टल लॉन्च किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस पोर्टल पर नागरिक अपने क्षेत्र में चलाई जा रही विकास परियोजनाओं के अनुसार अपनी मांगों, शिकायतों और सुझावों को रख सकेंगे।
- अब नागरिक अपने वार्ड में विकास कार्यों से संबंधित कोई भी मांग 'नगर दर्शन' पोर्टल पर डाल सकेंगे। इसके अलावा वे इस पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायतें और सुझाव भी दर्ज कर सकते हैं, जो स्वचालित रूप से संबंधित विभाग को आगे की कार्रवाई के लिये भेज दिये जाएंगे।
- 'नगर दर्शन' पोर्टल पर शहरी स्थानीय निकायों में पूर्ण, चालू और आवश्यक विकास परियोजनाओं का विवरण ऑनलाइन उपलब्ध होगा।
- इसके अलावा, यह विकास कार्यों की विश्वसनीयता बढ़ाने में भी कारगर साबित होगा और नागरिकों के लिये सूचना के स्रोत के रूप में भी काम करेगा, जो शहरी स्थानीय निकायों में विकास योजनाओं और परियोजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन में मदद करेगा।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि 'नगर दर्शन' का मुख्य उद्देश्य शहरी स्थानीय निकायों की वेबसाइटों के माध्यम से नागरिकों के लिये सभी सरकारी सेवाओं को सुलभ बनाना है, जो नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सभी सेवाओं की दक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करेगा।

## ड्रोन पायलटों के लिये प्रशिक्षण संस्थान

### चर्चा में क्यों ?

14 अप्रैल, 2022 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में हुई ड्रोन इमेजिंग एंड इन्फॉर्मेशन सर्विस ऑफ हरियाणा लिमिटेड (दृश्या) के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक में हरियाणा में ड्रोन पायलटों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये दृश्या के तत्वावधान में एक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किये जाने का निर्णय लिया गया।

### प्रमुख बिंदु

- यह संस्थान दृश्या और अन्य संगठनों के कर्मियों की विभिन्न प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस अवसर पर कहा कि दृश्या की स्थापना राज्य में एक अनूठी शुरुआत है, क्योंकि अब ड्रोन की मदद से क्षेत्र के विस्तार का पता लगाने के साथ-साथ अवैध अतिक्रमणों को भी नियंत्रित किया जा सकता है।
- मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण और इमेजिंग कार्य का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व विभाग के अलावा शहरी स्थानीय निकाय, बिजली, आपदा प्रबंधन, खनन, वन यातायात, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, कृषि जैसे अन्य विभागों में भी ड्रोन का उपयोग सुनिश्चित किया जाए।
- गौरतलब है कि हरियाणा यूएवी संचालित गवर्नेंस एप्लिकेशन को तीव्र गति प्रदान करने के लिये एक अलग निगम बनाने वाला पहला राज्य है।

नोट :

## महाभारतकालीन रेत और क्रिस्टल की प्राप्ति

### चर्चा में क्यों ?

हाल ही में कुरुक्षेत्र के गाँव बिहोली में सरस्वती सरोवर की खुदाई के दौरान हिमालय में पाई जाने वाली महाभारतकालीन रेत और क्रिस्टल मिले हैं।

### प्रमुख बिंदु

- ओएनजीसी और केंद्रीय जल आयोग के शोध के अनुसार यह रेत सरस्वती नदी के बहने वाले मार्ग पर मिलती है।
- उल्लेखनीय है कि ऐसी रेत व क्रिस्टल सरस्वती नदी के प्रवाह मार्ग में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान व गुजरात में भी मिले हैं।
- वेदों और महाभारत में यह कहा गया है कि सरस्वती नदी रेगिस्तान (संभवत: थार के मरूस्थल) में सूख गई थी। यद्यपि हिंदू मत यह है कि सरस्वती नदी का प्रवाह आज भी भूमि के नीचे होता है और यह प्रयागराज में गंगा और यमुना से मिलती है। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि दक्षिणी अफगानिस्तान की हेलमंड नदी सरस्वती नदी के समान है।
- सिंधु सभ्यता के दौरान सरस्वती एक बड़ी नदी थी, जिसे सतलज और यमुना से जल की प्राप्ति होती थी। परंतु इस क्षेत्र में हुई भूगर्भीय हलचलों के कारण सिंधु तंत्र से यमुना पृथक् हो गई। इसके पश्चात् सरस्वती में जल का प्रवाह कम हो गया तथा इसके अपवाह क्षेत्र में कमी आ गई और यह सूख गई।

---

## बाल विवाह एक जघन्य अपराध' विषय पर पोस्टर तथा पैम्फलेट लॉन्च

### चर्चा में क्यों ?

19 अप्रैल, 2022 को हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने चंडीगढ़ में 'बाल विवाह एक जघन्य अपराध' विषय पर एक पोस्टर तथा एक पैम्फलेट को लॉन्च किया।

### प्रमुख बिंदु

- बाल विवाह एक जघन्य अपराध पोस्टर व पैम्फलेट को हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग तथा इंडिपेंडेंट थॉट संस्था द्वारा संयुक्त रूप से बनाया गया है।
- इस पोस्टर व पैम्फलेट में बाल विवाह कैसे रोकें, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 तथा बाल विवाह के खिलाफ अभियान इत्यादि की मुख्य तौर पर जानकारी दी गई है।
- गौरतलब है कि हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की वर्तमान चेयरपर्सन ज्योति बैंदा, जबकि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के चेयरमैन प्रियांक कानूनगो हैं।

---

## हरियाणा में पाँच वर्ष से कम आयु की बाल मृत्यु दर में पाँच अंकों की गिरावट

### चर्चा में क्यों ?

21 अप्रैल, 2022 को हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने बताया कि भारत के रजिस्ट्रार जनरल और नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) के अनुसार नवीनतम बाल स्वास्थ्य आँकड़ों में पाँच वर्ष से कम आयु की शिशु मृत्यु दर में हरियाणा में पाँच अंकों की उल्लेखनीय गिरावट आई है।

### प्रमुख बिंदु

- मंत्री अनिल विज ने बताया कि पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पड़ोसी राज्यों की तुलना में हरियाणा में यू5एमआर में 5 अंकों की गिरावट सबसे अधिक है।
- उन्होंने बताया कि हरियाणा माताओं और शिशुओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के निरंतर प्रयास के माध्यम से बाल स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। आरबीएसके कार्यक्रमों के तहत मुफ्त सर्जरी ने भी बाल मृत्यु दर की गिरावट में योगदान दिया है।

- हरियाणा में पाँच अंकों की गिरावट के साथ पाँच वर्ष से कम मृत्यु दर (यू5एमआर) 36 (एसआरएस, 2018) से घटकर 31 (एसआरएस, 2019) प्रति 1000 जन्म हुई है।
- शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) 30, (एसआरएस 2018) से 27 (एसआरएस 2019) और नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) 22 (एसआरएस 2018) से घटकर 19 (एसआरएस 2019) हो गई है, इन दोनों संकेतकों में भी उल्लेखनीय 3 अंक की गिरावट आई है।
- बाल स्वास्थ्य संकेतकों में गिरावट स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई, विभिन्न बाल स्वास्थ्य पहलों के कारण हुई है, जिसमें कार्यात्मक कंगारू मदर केयर यूनिट (केएमसी इकाइयों) के साथ 24 विशेष नवजात देखभाल इकाइयाँ (एसएनसीयू) शामिल हैं। उपमंडल अस्पताल (एसडीएच), अंबाला छावनी और एसडीएच जगाधरी में 2 नए एसएनसीयू स्थापित किये गए हैं।
- नलहड़ मेडिकल कॉलेज, नूँह और अग्रोहा मेडिकल कॉलेज, हिसार में मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट (एमएनसीयू) की स्थापना की गई है। 66 नवजात स्थिरीकरण इकाइयों (एनबीएसयू), 318 नवजात देखभाल केंद्रों के साथ-साथ 11 पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) ने भी एनएमआर और आगे आईएमआर को कम करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- यू5एमआर में कमी टीकाकरण सेवाओं में सुधार, अन्य बाल स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों, जैसे- गहन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा, सामाजिक जागरुकता और निमोनिया को सफलतापूर्वक बेअसर करने के लिये कार्रवाई, सूक्ष्म पोषक तत्त्व अनुपूरक दौर, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस, आशा के माध्यम से घर-घर प्रसवोत्तर देखभाल आदि नियमित रूप से चलने वाले कार्यक्रमों के कारण हुई है।

## गुरुग्राम में 'विश्व कौशल केंद्र' की स्थापना का निर्णय

### चर्चा में क्यों?

22 अप्रैल, 2022 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोज़गारपरक शिक्षा प्रदान करने व कुशल बनाने के लिये राज्य के विंडो शहर गुरुग्राम में विश्व कौशल केंद्र की स्थापना की जाएगी।

### प्रमुख बिंदु

- गुरुग्राम के इस कौशल केंद्र में छह मुख्य क्षेत्रों में 680 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया जाएगा।
- विश्व कौशल केंद्र में पहले चरण में पर्यटन एवं आतिथ्य, रिटेल, आईटी एवं आईटीईएस, लेखा, बैंकिंग एवं वित्त, लॉजिस्टिक तथा ब्यूटी एवं वेलनेस सहित विभिन्न क्षेत्रों में उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।
- गौरतलब है कि हरियाणा कौशल विकास मिशन (एचएसडीएम) ने राज्य के युवाओं को जर्मनी में अंतर्राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप और रोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिये मैजिक बिलियन के साथ अनुबंध किया है। मैजिक बिलियन (टीजीएम सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड की इकाई) राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के भागीदार के रूप में पंजीकृत एक भारत अंतर्राष्ट्रीय कौशल केंद्र (आईआईएससी) है।
- उन्होंने यह भी बताया कि राज्य वित्त पोषित सूर्य योजना के तहत 10,517 व्यक्ति प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सूर्य योजना के तहत शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग (एसटीटी), रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल), ड्राइवर ट्रेनिंग और हैवी मोटर व्हीकल ड्राइवर ट्रेनिंग (एचएमवी) के लिये लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## गुरु तेग बहादुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज की घोषणा

### चर्चा में क्यों?

24 अप्रैल, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पानीपत में 'हिंद की चादर' गुरु तेग बहादुर के 400 वें प्रकाश उत्सव में चार बड़ी घोषणाएँ कीं, जिनमें यमुना नगर ज़िले के पंजूपुर गाँव में सिखों के नौवें गुरु के नाम पर एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी शामिल है।

### प्रमुख बिंदु

- यमुनानगर के पंजूपुर गाँव में 60 एकड़ से अधिक भूमि में स्थापित किये जा रहे मेडिकल कॉलेज का नाम गुरु तेग बहादुर मेडिकल कॉलेज रखा जाएगा।

- इसके अलावा जिस मैदान में यह राज्यस्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा, उसका नाम भी गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखे जाने की घोषणा की।
- उन्होंने कहा कि जिस रास्ते से पालकी साहिब (सिखों के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब को ले जाने वाली पालकी) को ले जाया जाता था, उसका नाम 'श्री गुरु तेग बहादुर मार्ग' रखा जाएगा।
- साथ ही, गुरु तेग बहादुर द्वारा युद्ध के दौरान इस्तेमाल किये गए हथियारों की प्रदर्शनी देश भर में आयोजित की जाएगी, राज्य सरकार गुरुजी के इन दुर्लभ अवशेषों को सुरक्षित रूप से ले जाने के लिये वाहन भी दान करेगी।
- गौरतलब है कि गुरु तेग बहादुर साहिब सिखों के नौवें गुरु थे, उनका पहला नाम त्यागमल था। सिख धार्मिक अध्ययन के सूत्रों में उनका उल्लेख 'संसार की चादर' के रूप में किया गया है, जबकि भारतीय परंपरा में उन्हें 'हिंद की चादर' कहा जाता है।

## हरियाणा की रिद्धि ने तीरंदाजी वर्ल्ड कप के मिक्स्ड डबल्स में जीता स्वर्ण पदक

### चर्चा में क्यों?

24 अप्रैल, 2022 को तुर्की के एंटाल्या में तीरंदाजी वर्ल्ड कप के मिक्स्ड डबल्स में हरियाणा की तीरंदाज रिद्धि फोर ने अपने जोड़ीदार तरुणदीप राय के साथ भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

### प्रमुख बिंदु

- तरुणदीप और रिद्धि ने मिश्रित टीम स्पर्धा में शूट ऑफ में ब्रिटेन के ब्रायोनी पिटमैन और एलेक्स वाइस की जोड़ी को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।
- इसके साथ ही भारत ने टूर्नामेंट में अपना अभियान दो स्वर्ण के साथ समाप्त किया। इससे पहले 23 अप्रैल को अभिषेक वर्मा, रजत चौहान और अमन सैनी की कंपाउंड पुरुष टीम ने देश को स्वर्ण पदक दिलाया था।
- गौरतलब है कि 17 साल की रिद्धि का यह पहला वर्ल्ड कप पदक है, वहीं ग्वांगझू एशियाई खेलों (2010) में रजत पदक जीतने वाले 38 साल के तरुणदीप पहली बार वर्ल्ड कप के मिश्रित वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे।

## वर्ष 2022-23 के लिये हरियाणा विधानसभा की 13 कमेटियों का गठन

### चर्चा में क्यों?

25 अप्रैल, 2022 को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने वर्ष 2022-23 के लिये विधानसभा की 13 विभिन्न कमेटियों के गठन की अधिसूचना जारी की गई।

### प्रमुख बिंदु

- अधिसूचना के अनुसार विधानसभा की नियम समिति में विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता पदेन अध्यक्ष होंगे, जबकि विधायक भूपेंद्र सिंह हुड्डा, किरण चौधरी, घनश्याम दास अरोड़ा, डॉ. अभय सिंह यादव, भारत भूषण बतरा, नैना सिंह चौटाला और सुधीर कुमार सिंगला इस कमेटी के सदस्य होंगे।
- इसी प्रकार, विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर सिंह गंगवा को वर्ष 2022-23 के लिये आवास समिति का पदेन अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि विधायक मोहम्मद इलियास, राम कुमार गौतम, दीपक मंगला और रणधीर सिंह गोलन को इस कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया है।
- विधायक दीपक मंगला को जन स्वास्थ्य, सिंचाई, बिजली तथा लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) की कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जबकि विधायक विनोद भ्याना, लीला राम, आफताब अहमद धर्म सिंह छोक्कर, डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढ़ा, प्रवीण डागर, मामन खान व शमशेर सिंह गोगी इस कमेटी के सदस्य होंगे।
- इसी प्रकार, स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थान की कमेटी के लिये नरेंद्र गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया है। इसके सदस्यों में विधायक डॉ. रघुवीर सिंह कादयान, घनश्याम सर्राफ, बिशन लाल सैनी, सीमा त्रिखा, बिशम्बर सिंह, नीरज शर्मा, सुरेंद्र पंवार तथा राकेश दौलताबाद शामिल हैं।

नोट :

- विधायक ईश्वर सिंह को अनुसूचित जातियाँ, अनुसूचित जन जातियाँ तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है तथा विधायक लक्ष्मण नापा, राजेश नागर, सत्य प्रकाश, रेणु बाला, शीश पाल सिंह, चिरंजीव राव, राम करण व धर्म पाल गोंदर को इस कमेटी के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है।
- लोक लेखा समिति के लिये वरुण चौधरी को अध्यक्ष तथा विधायक डॉ. अभय सिंह यादव, सुभाष सुधा, नरेंद्र गुप्ता, निर्मल रानी, अमित सिहाग, शैली, जोगी राम सिहाग व रणधीर सिंह गोलन को सदस्य बनाया गया है।
- हरविंद्र कल्याण को अनुमान कमेटी का अध्यक्ष और विधायक राव दान सिंह, जयवीर सिंह, गोपाल कांडा, लक्ष्मण नापा, प्रमोद कुमार विज, राजेश नागर, मेवा सिंह तथा बलराज कुंडू को सदस्य मनोनीत किया गया है।
- याचिका कमेटी के लिये विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को अध्यक्ष और विधायक जगबीर सिंह मलिक, गीता भुक्कल, शकुंतला खटक, लीला राम, लक्ष्मण सिंह यादव, संजय सिंह, राम निवास तथा सोमबीर सांगवान को सदस्य मनोनीत किया गया है।
- विधायक सीमा त्रिखा को शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। विधायक जगदीश नैयर, नैना सिंह चौटाला, निर्मल रानी, शमशेर सिंह गोगी, शैली, शीशपाल सिंह, नयनपाल रावत तथा इंदु राज को इस कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया है।
- विधायक भारत भूषण बतरा को वर्ष 2022-23 के लिये हरियाणा विधानसभा की सरकारी आश्वासन कमेटी का अध्यक्ष तथा विधायक अभय सिंह चौटाला, राजेंद्र सिंह जून, दूड़ा राम, महिपाल ढांडा, आफताब अहमद, सीता राम यादव, सुभाष गांगोली तथा अमरजीत ढांडा को इस कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया है।
- इसी प्रकार, विधायक असीम गोयल को वर्ष 2022-23 के लिये सार्वजनिक उपक्रम कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जबकि विधायक रघुवीर सिंह कादयान, दूड़ा राम, प्रदीप चौधरी, कृष्ण लाल मिड्ढ़ा, मोहन लाल बड़ोली, सीता राम यादव, चिरंजीव राव और कुलदीप वत्स इस कमेटी के सदस्य होंगे।
- राम निवास को हरियाणा विधानसभा की अधीनस्थ विधायी कमेटी का अध्यक्ष, जबकि विधायक जगबीर सिंह मलिक, जयवीर सिंह, बिशंबर सिंह, संजय सिंह, राम कुमार कश्यप, अमित सिहाग, बलबीर सिंह और महाधिवक्ता, हरियाणा को इस कमेटी का सदस्य मनोनीत किया है।
- इसके अलावा, हरियाणा विशेषाधिकार समिति के लिये विधायक सुधीर सिंगला को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है तथा विधायक किरण चौधरी, हरविंद्र कल्याण, असीम गोयल, मोहन लाल बडोली, सत्य प्रकाश, वरुण चौधरी तथा अमरजीत ढांडा इस कमेटी के सदस्य होंगे।

## हरियाणा के 18 वर्ष से 59 वर्ष के आयु वर्ग के वयस्क नागरिकों को मुफ्त लगेगी बूस्टर डोज

### चर्चा में क्यों?

25 अप्रैल, 2022 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कोविड रोधी टीकाकरण अभियान को आगे बढ़ाते हुए 18 वर्ष से 59 वर्ष के आयु वर्ग के वयस्क नागरिकों के लिये मुफ्त बूस्टर खुराक की घोषणा की।

### प्रमुख बिंदु

- पात्र लाभार्थी हरियाणा के किसी भी सरकारी अस्पताल या डिस्पेंसरी से 250 रुपए की बूस्टर खुराक मुफ्त प्राप्त कर सकते हैं।
- हरियाणा राज्य में उक्त आयु वर्ग के लगभग 1.2 करोड़ लाभार्थी हैं। इस पर लगभग 300 करोड़ रुपए का खर्चा आएगा, जिसे राज्य द्वारा कोविड राहत कोष से वहन किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अब तक कुल 2 करोड़ 33 लाख से अधिक लोगों को कोविड रोधी वैक्सीन की पहली खुराक और करीब 1 करोड़ 88 लाख को कोविड वैक्सीन की दोनों डोज दी जा चुकी हैं। साथ ही, राज्य में अब तक करीब 3,71,700 बूस्टर डोज दी जा चुकी हैं।

नोट :

## पुलिस अलंकरण समारोह

### चर्चा में क्यों ?

26 अप्रैल, 2022 को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पंचकूला के इंद्रधनुष सभागार में आयोजित पुलिस अलंकरण समारोह के दौरान हरियाणा पुलिस के 92 अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक व पुलिस पदक से सम्मानित किया।

### प्रमुख बिंदु

- राज्यपाल ने गत 4 वर्षों के दौरान उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह मेडल दिये।
- इनमें हरियाणा पुलिस के 11 अधिकारियों व कर्मचारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक तथा 81 अन्य को सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक से अंलकृत किया गया।
- विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक प्राप्त करने वालों में डीजीपी (सेवानिवृत्त) डॉ. बी.के. सिन्हा, एडीजीपी (प्रशासन और आईटी) हरियाणा डॉ. अरशिंदर सिंह चावला, एडीजीपी नवदीप सिंह विर्क, एडीजीपी (सेवानिवृत्त) अनिल कुमार राव, एडीजीपी (कानून व्यवस्था) संदीप खिरवार, डीआईजी डॉ. अरुण सिंह, निरीक्षक (सेवानिवृत्त) लखविंदर सिंह, निरीक्षक (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, निरीक्षक रामकुमार व प्रमोद चंद तथा सब-इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र शामिल हैं।
- सराहनीय सेवाओं के लिये आईजीपी सुरक्षा सौरभ सिंह, आईजीपी (सेवानिवृत्त) भारती अरोड़ा, पुलिस अधीक्षक विकास धनखड़, डीआईजी कृष्ण मुरारी, शिव चरण और बलवान सिंह, पुलिस अधीक्षक (सेवानिवृत्त) ओमबीर सिंह, एसपी मनबीर सिंह, राज कुमार, सुमेर सिंह, डीसीपी मुकेश मल्होत्रा, एसपी (सेवानिवृत्त) कृष्ण कुमार, डीसीपी जयबीर सिंह और रविंदर कुमार, डीएसपी राजीव कुमार, वीर सिंह, गुरमेल सिंह, ओम प्रकाश, राम कुमार, अंगरेज सिंह, बलजीत सिंह, नरेश यादव और नरेंद्र कुमार को पुलिस पदक से अलंकृत किया गया।
- इसी प्रकार निरीक्षक दीपक सिंह, श्रवण कुमार, विकास, अनिल कुमार, लाली वर्गीश, रामलाल, अरविंद कुमार, जलधीर सिंह, रमेश कुमार (सेवानिवृत्त), नयन पाल, प्रकाश चंद, राजपाल, रविंदर सिंह, निहाल सिंह, राम कुमार और कर्ण सिंह (सेवानिवृत्त) ने सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक प्राप्त किये।
- इनके अलावा पुलिस पदक से सम्मानित किये गए उपनिरीक्षकों में सत्य देव (सेवानिवृत्त), राम किशन, सत्यवान, वरिंदर कुमार, राकेश मणि, जगदीश प्रसाद, महा सिंह (सेवानिवृत्त), अरुण देसवाल, सुरेश कुमार, हरीश कुमार, डॉ. अशोक कुमार, रवींद्र कुमार, रविंदर कुमार, सुमन कुमार, अशोक कुमार, रमेश कुमार, राम पाल, परवीन कुमार, महेंद्र सिंह (ओआरपी/एसआई) और कुलविंदर कौर शामिल हैं।
- इसी प्रकार ई-एसआई राम प्रताप, सुरेश कुमार, राकेश कुमार, सतपाल, रमेश चंद, मीना शर्मा, सुशीला कौशिक, रणवीर कौर, अनुराधा, हरदेव सिंह (सेवानिवृत्त) और जोगिंदर सिंह को पुलिस पदक से अलंकृत किया गया।
- सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) वीरेंद्र सिंह, करमबीर सिंह, राजेश कुमार, मनोज कुमार, परवीन कुमार, जोगिंदर सिंह, अमित कुमार, दीपक कुमार, दीदार सिंह, रामफल (ईएएसआई) और शिव कुमार (ईएएसआई) को भी पुलिस पदक से अलंकृत किया गया।

## हरियाणा सरकार ने 18 पटवारियों/कानूनगो को किया सम्मानित

### चर्चा में क्यों ?

27 अप्रैल, 2022 को हरियाणा सरकार के चकबंदी विभाग द्वारा पंचकूला के रैड बिशप पर्यटन केंद्र में राज्य भर के कुल 18 पटवारियों/कानूनगो को सम्मानित किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- चकबंदी विभाग की निदेशक आमना तस्नीम ने बताया कि जिन 18 पटवारियों/कानूनगो को सम्मानित किया गया, उन्होंने कोविड-19 के दौरान सराहनीय कार्य किया था।
- इनमें से 7 पटवारियों/कानूनगो को हीरो मोटोकॉर्प की ओर से मोटरसाइकिल व प्रशस्ति-पत्र तथा 11 पटवारियों/कानूनगो को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।
- राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राज्य मंत्री अनूप धानक ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने इससे पहले जींद में भी बेहतरीन कार्य करने वाले पटवारियों को सम्मानित किया था।

नोट :

## फार्मा टेक एक्सपो व लैब टेक एक्सपो-2022

### चर्चा में क्यों ?

28 अप्रैल, 2022 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने चंडीगढ़ में फार्मा टेक एक्सपो व लैब टेक एक्सपो-2022 का उद्घाटन किया।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्य सचिव ने बताया कि इस एक्सपो का उद्देश्य प्रत्येक प्रतिभागी के लिये व्यापार के अवसरों को आकर्षित करना है।
- इस तरह के एक्सपो प्रत्येक प्रतिभागी को नवाचारों और उपकरणों के उचित उपयोग की क्षमता व संभावना के बारे में जानकारी हासिल करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं।
- संजीव कौशल ने बताया कि फार्मास्युटिकल व्यवसाय के विकास और फार्मा क्षेत्र में निवेश करने के लिये हरियाणा राज्य एक आदर्श गंतव्य है तथा राज्य सरकार फार्मास्युटिकल नीति के माध्यम से निवेशकों को विभिन्न वित्तीय प्रोत्साहन भी प्रदान कर रही है।
- उल्लेखनीय है कि इस एक्सपो का आयोजन हरियाणा व्यापार मेला प्राधिकरण के बैनर तले भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्द्धन परिषद और फार्मा टेक्नोलॉजी इंडेक्स डॉट कॉम प्रा. लि. के सहयोग से किया जा रहा है।
- हरियाणा व्यापार मेला प्राधिकरण की मुख्य प्रशासक डॉ. जी. अनुपमा ने बताया कि ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस के मामले में हरियाणा अग्रणी राज्य है और राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप वर्ष 2021 में राज्य से फार्मा निर्यात लगभग 1500 करोड़ रुपए हुआ है।
- फार्मा टेक एक्सपो और लैब टेक एक्सपो-2022; 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें 200 से अधिक कंपनियाँ अपने उत्पादों को प्रदर्शित करेंगी। इनमें से 40 से ज़्यादा कंपनियाँ हरियाणा राज्य की हैं।

## बहुमंजिला आवासीय इमारतों के निवासियों की सुरक्षा के लिये स्ट्रक्चरल सेफ्टी गाइडलाइंस

### चर्चा में क्यों ?

29 अप्रैल, 2022 को हरियाणा के नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग (डीटीसीपी) द्वारा बहुमंजिला आवासीय इमारतों के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये स्ट्रक्चरल सेफ्टी गाइडलाइंस जारी कर दी गई।

### प्रमुख बिंदु

- नई गाइडलाइन के अनुसार किसी भी इमारत के निर्माण के दौरान तीन से चार बार निर्माण एजेंसी सुरक्षा मानकों को ऑडिट करवाएगी।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह जानकारी गुरुग्राम में आयोजित सेवोकॉन सम्मेलन के समापन सत्र में दी। इसके साथ ही उन्होंने नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग द्वारा तैयार स्ट्रक्चरल सेफ्टी गाइडलाइंस पुस्तिका का विमोचन भी किया।
- गाइडलाइन के अनुसार सभी पूर्व आवश्यक मानदंडों को पूरा करने के बाद ही बिल्डरों द्वारा निर्मित आवासीय परिसरों को आरडब्ल्यूए को सौंपा जाएगा।
- यदि बिल्डर्स अपनी कीमतों पर घर बेचते हैं, तो यह सुनिश्चित करना उनकी ज़िम्मेदारी होगी कि सुरक्षा और बुनियादी ढाँचा मौजूद है या उन पर भारी जुर्माना लगाया जाए।
- डीटीसीपी ने यह दिशानिर्देश इसलिये जारी किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऊँची इमारतों में उपयोग की जाने वाली सामग्री और डिजाइन सरकार द्वारा निर्दिष्ट मानकों और बिल्डिंग कोड को पूरा करती है।

नोट :